दिनांक : 27.02.2326 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राजस्थान के जैसलमेर में भारतीय वायुसेना का वायुशक्ति अभ्यास देखेंगी।
- भारत और इजरायल नेयूपीआई के क्रॉस-बॉर्डर (सीमापार) इस्तेमाल के लिए किया समझौता।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद भाबरा (आलीराजपुर) जाएंगे।
- चेन्नई में आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर-8 मुकाबले में भारत ने जिम्बाब्वे को हराया।

अब समाचार विस्तार सेः-

राष्ट्रपति वायुसेना

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राजस्थान के जैसलमेर में भारतीय वायुसेना का वायुशक्ति अभ्यास देखेंगी। राष्ट्रपति राजस्थान के दो दिन के दौरे पर हैं। वायुशक्ति अभ्यास से पहले वे स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरेंगी। प्रचंड हेलीकॉप्टर स्वदेश में विकसित और विनिर्मित देश का पहला लडाकू हेलीकॉप्टर है। हिन्दुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड ने इसका विनिर्माण किया है। राष्ट्रपति मुर्मु आज शाम भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट पोखरन फायरिंग रेंज से भारतीय वायु सेना का वायुशक्ति प्रदर्शन देखेंगी।

डिजिटल लेन देन - पीएम

भारत और इजरायल ने कल यूपीआई के क्रॉस-बॉर्डर (सीमापार) इस्तेमाल के लिए समझौता किया। इससे दोनों देशों के बीच डिजिटल और वित्तीय साझेदारी मजबूत होगी। इस साझेदारी के तहत, यूपीआई इजरायल के घरेलू पेमेंट फ्रेमवर्क से जुड़ेगा। इससे डिजिटल लेनदेन अधिक तेज और किफायती होंगे। अपने इजरायली दौरे के दूसरे और अंतिम दिन इस समझौते पर साइन करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, “मुझे खुशी है कि इजरायल में यूपीआई के उपयोग के लिए एक समझौता हो गया है।” इससे दोनों देशों के व्यवसायों को सरल सीमा पार भुगतान से लाभ होने की उम्मीद है, जिससे लेनदेन की लागत और निपटान का समय कम हो जाएगा। श्री मोदी ने आगे कहा, “हमने क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज पार्टनरशिप स्थापित करने का निर्णय लिया है। इससे

एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजीज और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिलेगी।" आपको बता दें कि यूपीआई का इस्तेमाल वर्तमान में आठ से अधिक देशों संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर में हो रहा है।

प्रधानमंत्री संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ''विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त पर बजट बाद'' वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करेंगे। इस वेबिनार में सार्वजनिक पूंजी व्यय, बुनियादी ढांचा, बैंकिंग सेक्टर सुधार, वित्तीय सेक्टर प्रबंधन, पूंजी बाजारों की मजबूती और कर सुधारों के जरिए जीवन सुगमता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श होगा।

भगोरिया उत्सव - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 95वीं पुण्यतिथि पर भाबरा (आलीराजपुर) पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर वे 171.19 करोड़ रुपये की लागत के 49 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कर क्षेत्र को बड़ी सौगात देंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री उदयगढ़ के प्रसिद्ध भगोरिया उत्सव में सम्मिलित होकर जनजातीय समुदाय से संवाद करेंगे।

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल सागर जिले के गढ़ाकोटा में 32 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में ₹196.72 करोड़ अंतरित किए। उन्होंने कहा-

रेल मंत्री

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल टेक पोर्टल लॉन्च किया। यह पोर्टल स्टार्टअप्स और इनोवेटर्स को रेलवे की समस्याओं के समाधान हेतु फंडिंग और प्लेटफॉर्म देगा। श्री वैष्णव ने कहा -

वीबी जी राम जी पन्ना

पन्ना जिले में रोजगार सृजन और आजीविका के अवसरों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वीबी जीराम जी एक्ट-2025 पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर पन्ना कलेक्टर उषा परमार ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। कलेक्टर ने कहा-

राज्यपाल दौरा

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सीधी जिले के वनांचल ग्राम परसिली में कल जनजातीय संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक

पहुँचाकर ही 'विकसित भारत' का संकल्प सिद्ध होगा। उन्होंने अधिकारियों को गरीबों और जरूरतमंदों को प्राथमिकता के आधार पर मुख्यधारा से जोड़ने के निर्देश दिए।

मंत्रालय औचक निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के बाद प्रशासन ने शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। गुरुवार को सामान्य प्रशासन विभाग के दल ने मंत्रालय, वल्लभ भवन, विंध्याचल और सतपुड़ा भवन का आकस्मिक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

आरक्षक भर्ती

आरक्षक (जीडी) भर्ती परीक्षा वर्ष 2025 के अंतर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं दस्तावेज परीक्षण की प्रक्रिया 23 फरवरी 2026 से प्रदेश में प्रारंभ कर दी गई है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत विगत तीन दिवस में कुल 8000 अभ्यर्थियों को परीक्षण हेतु आमंत्रित किया गया, जिनमें 1743 पुरुष, भूतपूर्व सैनिक, होमगार्ड एवं 6257 महिलाएं और होमगार्ड महिलाएं शामिल थीं। इनमें से अब तक 6524 अभ्यर्थी परीक्षण हेतु उपस्थित हुए। भर्ती प्रक्रिया नियमित रूप से संपादित की जा रही है, जो 14 मार्च तक जारी रहेगी।

टी-20

चेन्नई में आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर-8 मुकाबले में कल भारत ने जिम्बाब्वे को 72 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने चार विकेट पर 256 रन बनाए। 257 रन के लक्ष्य के जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 6 विकेट पर 184 रन ही बना सकी। भारत, सुपर-8 के आखिरी मुकाबले में रविवार को वेस्टइंडीज से खेलेगा। मैच शाम सात बजे से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होगा।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- खण्डवा में भावांतर योजना के तहत सरसों फसल का पंजीयन 26 फरवरी से 20 मार्च तक जिले के 72 केंद्रों पर किया जाएगा।
- आगरमालवा में वीबीजी रामजी एक्ट-2025 के तहत अब श्रमिकों को 100 के स्थान पर 125 दिन की रोजगार गारंटी और सीधा बेरोजगारी भत्ता मिलेगा।
- भोपाल में राज्यपाल की उपस्थिति में 745 खिलाड़ियों वाली 100 घंटे की दिव्यांगजन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ।

- सतना के चित्रकूट में ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने राष्ट्रऋषि नानाजी की 16वीं पुण्यतिथि पर उनके स्वावलंबी कृषि आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इंदौर में एक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे और विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।
- डिंडोरी कलेक्ट्रेट में जनगणना 2027 हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू, 1 मई 2026 से मोबाइल एप के माध्यम से मकानों का सूचीकरण किया जाएगा।
- मंडला में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु कलेक्टर और एसपी की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई।

-------